## खबर संक्षेप



### नशे में था चालक ,पुलिस ने हाईवा किया जब्त

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सड़क सुरक्षा' अभियान के तहत थाना बड़वारा पुलिस ने शराब के नशे में हाइवा चला रहे चालक के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हाइवा क्रमांक MP 20 HB 5543 का चालक भानपुरा क्षेत्र में लापरवाही और अनियंत्रित ढंग से वाहन चला रहा है, जिससे सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने भानपुरा के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। संदेह होने पर चालक का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण कराया गया, जिसमें शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया तथा चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने संभावित बड़े सड़क हादसे को टाल दिया गया।

## जिला पंचायत सीईओ की समीक्षा बैठक, योजनाओं में प्रगति लाने ने दिए निर्देश

# लापरवाही पर एक्शनः दो उपयंत्रियों को थमाया नोटिस, एक को किया अवैतनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत अपूर्ण महिला एवं बाल विकास विभाग से स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों और अन्य निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए तत्परता के साथ पूर्ण कराएं। यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा करते हुए जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने विकासखंड वार सांसद निधि एवं विधायक निधि, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, वाटर शेड, अधो संरचना, स्टॉम्प शुल्क, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना, वृंदावन योजना, आंगनबाड़ी भवनों एवं अन्य योजनाओं कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली।



समीक्षा बैठक में सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी मौजूद रहे। सुश्री कौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग से स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जनपद पंचायत रीठी के दो उपयंत्रियों चेतन सोनी और अमित गुप्ता को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना 2.0 सहित केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में त्वरित कार्यवाही करते हुए जरूरत मंद नागरिकों को पात्रता के अनुसार लाभान्वित कराएं। जिला पंचायत सीईओ ने एनआरएलएम की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के राज्य आजीविका मिशन के लोक सेवकों द्वारा खाता खोलने में रुचि नहीं लिए जाने के कारण वेतन कटौती के निर्देश दिए। एबीएम सुधीर बिंद के समीक्षा बैठक में बिना सूचना दिए अनुपस्थिति रहने पर अवैतनिक करने के निर्देश अधिकारियों के दिए।

### कोताही पर होगी सख्त कार्यवाही

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित अपूर्ण नल जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं के हस्तांतरित किए जाने के पूर्व भली भांति परीक्षण कर लें। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता से नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यों को नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए भौतिक पूर्णता एवं सीसी जारी कराया जाना सुनिश्चित करें। सुश्री कौर ने समीक्षा करते हुए नागरिकों से आवेदन पत्रों, शिकायतों और समस्याओं के प्रति जवाबदेही से संवेदनशील रहकर तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर समाधान करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।



## रेत का अवैध परिवहन करते 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़वारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई।

थाना बड़वारा पुलिस द्वारा ग्राम निगहरा मोड़, रोहनिया, परसेल एवं बिलायतकलां क्षेत्र में गश्त और अपराधियों की तलाश के दौरान अवैध रेत परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम रोहनिया में एक महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक सागर कोल (23) निवासी रोहनिया को रोका गया।इसी प्रकार ग्राम परसेल में आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक आजाद रौतेल (23) निवासी परसेल तथा ग्राम बिलायतकलां में महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली से रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक सिपाही केवट (25) निवासी बिलायतकलां से पूछताछ की गई।पुलिस द्वारा तीनों चालकों से रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया तथा उनके विरुद्ध धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, महेश प्रताप सिंह तथा आरक्षक दीपक सिंह, बृजलाल प्रजापति, गौरीशंकर राजपूत और शिवप्रकाश तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

*पटवारी ने सीमांकन कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत*

## पटवारी को 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम कौड़िया में पदस्थ पटवारी स्वयं प्रकाश मेहरा को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पटवारी ने सीमांकन करने के नाम पर शिव कुमार जायसवाल कौड़िया निवासी से पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत की पुष्टि होने पर लोकायुक्त ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपी को रिश्वत की राशि लेते समय पकड़ लिया गया। लोकायुक्त की कार्रवाई की जानकारी जैसे ही राजस्व अमले व अधिकारियो को लगी, हड़कंप मच गया।



लोकायुक्त टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक शिवकुमार जायसवाल द्वारा अपनी पत्नी देववती के नाम पर 1 एकड़ 80 डिसमिल जमीन खरीदी थीं जिसके सीमांकन के ऐवज में उपहार स्वरुप पटवारी द्वारा 5 हजार रूपए की मांग की जा रही है। घूस रकम लेने के लिए आवेदक को 5 हजार रुपए के साथ अपने स्लीमनाबाद स्थित प्राइवेट कार्यालय में बुलाया जहाँ मंगलवार को आरोपी पटवारी स्वयं प्रकाश मेहरा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपित के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

बताया जाता है कि शिकायतकर्ता शिव कुमार जायसवाल अपनी जमीन का सीमांकन कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट-काट कर परेशान हो चुका था। बताया गया है कि पीड़ित ने पटवारी से चार बार सीमांकन करवाया, लेकिन पटवारी ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करने को राजी नहीं था। अंत में परेशान होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। कार्रवाई के दौरान ट्रेप दल में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशि कला मस्कुले आदि शामिल रहे।

## यातायात नियमों का करें पालन, नशे में न चलाये वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मंगलवार को व्यवहार न्यायालय ढीमरखेड़ा परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों को यातायात नियमों तथा कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोग सुरक्षित व




जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चला सकें। इस दौरान सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया।

शिविर में दुर्घटना होने की स्थिति में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया तथा दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई।

कार्यक्रम में कुल 32 महिला एवं पुरुष पक्षकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायालयीन स्टाफ शिवम उपाध्याय, नायब नाजिर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवक से 18 हजार रूपये कीमती 300 पाव अवैध देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली पुलिस ने 300 पाव अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 18 हजार रुपये बताई गई है। कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि आधारकाप स्थित गिरजा घाट के पास एक युवक बिक्री के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में देशी शराब छिपाकर रखे हुए है। सूचना पर चौकी खिरहनी पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागकर झाड़ियों में छिप गया, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनुज निषाद 20 वर्ष निवासी आधारकाप बताया। तलाशी के दौरान झाड़ियों में रखे छह कार्टूनों से 180 एमएल की देशी प्लेन मदिरा के कुल 300 पाव (54 लीटर) बरामद किए गए। शराब रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ कोतवाली एवं कुठला थानों में अवैध शराब और मारपीट से संबंधित पांच पूर्व प्रकरण दर्ज होना भी सामने आया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एक साल से लटका स्व सहायता समूह के गेहूं उपार्जन कमीशन का भुगतान

**ढीमरखेड़ा।** शासन प्रशासन की मंशा अनुसार प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर एवं महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह राष्ट्रीय ग्रामीण अजीबका मिशन के तहत स्व सहायता समूह को उपार्जन केदो में संलग्न करके महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निर्देश दिए गए थे जिसके बाद कटनी जिले सहित ढीमरखेड़ा के लगभग तीन उपार्जन केंद्रों में स्व सहायता समूह द्वारा उपार्जन का कार्य वर्ष 2024-25 किया गया था जिसके कमीशन का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है देखा जाए तो गेहूं उपार्जन कार्य किए हुए 1 वर्ष बीत चुके हैं और वर्तमान में भी गेहूं उपार्जन का कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन पिछले वर्ष उपार्जन के कार्य किए हुए स्व सहायता समूह सहित समितियों का भुगतान भी लंबित है स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अनेकों बार नागरिक आपूर्ति निगम और जनसुनवाई के चक्कर काटने के बाद भी भुगतान आज दिनांक तक लंबित है जिस प्रकार से प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की मनसा अनुसार महिलाओं को सशक्त करने के लिए कदम उठाया गया था लेकिन उपार्जन कार्य करने के बाद कमीशन की राशि का भुगतान न होने पर कहीं ना कहीं स्व सहायता समूह की महिलाओं में असंतोष लगा हुआ है।

### कारणों का पता लगाकर जल्द कराया जाएगा भुगतान

जितेंद्र पटेल प्रभारी प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम कटनी इस संबंध में जानकारी नहीं थी, यह बात संज्ञान में लाया गया है, दिखवाया जाएगा किन कारणों से भुगतान लंबित है और जल्द से जल्द भुगतान कराया जाएगा।

*नदीपार स्थित चौरसिया एवं बरगवां में दिव्यांचल मैरिज गार्डन पर कार्रवाई*

## नियमों का पालन नहीं करने पर दो मैरिज गार्डनों को ननि ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में बिना वैधानिक अनुमति एवं निर्धारित नियमों के विरुद्ध संचालित विवाह स्थलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम प्रशासन ने इंदिरा गांधी वार्ड के नदीपार क्षेत्र स्थित चौरसिया मैरिज गार्डन तथा महाराणा प्रताप वार्ड के बरगवां क्षेत्र स्थित दिव्यांचल मैरिज गार्डन को सील करते हुए उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी।

निगम प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई "मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं आदर्श उपविधि, 2020" के प्रावधानों के उल्लंघन के कारण की गई। जांच के दौरान पाया गया कि चौरसिया मैरिज गार्डन के संचालक द्वारा निर्धारित अवधि के पश्चात अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण नहीं कराया गया था, जबकि दिव्यांचल मैरिज गार्डन बिना आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त किए संचालित किया जा रहा था।



नोडल अधिकारी कॉलोनी सेल अंशुमान सिंह ने बताया कि दोनों विवाह स्थलों के संचालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमानुसार पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं की गयी, जिसके चलते निगम प्रशासन को वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोनों स्थलों पर तालाबंदी करनी पड़ी।

नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर में संचालित सभी मैरिज गार्डन एवं विवाह स्थलों के लिए निर्धारित उपविधियों के अंतर्गत पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य संस्थानों के विरुद्ध भी निगम प्रशासन द्वारा इसी प्रकार की कार्रवाई भविष्य में जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित रहा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए केवल वैध रूप से पंजीकृत एवं अनुमति प्राप्त विवाह स्थलों का ही चयन करें, जिससे किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा कानूनी असुविधा से बचा जा सके।



**खबर संक्षेप**

### पौधारोपण की तैयारियों की निगमायुक्त ने की समीक्षा

**कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु में नगर को अधिक हरा-भरा और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम ने व्यापक वृक्षारोपण अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए पौधारोपण कार्यक्रमों एवं आगामी वृहद वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश विगत दिवस आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने उद्यान शाखा के अधिकारियों को नगर के प्रमुख मार्गों, उद्यानों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय परिसरों तथा उपलब्ध भूमि पर पौधारोपण हेतु उपयुक्त स्थानों का चयन, गड्ढों की तैयारी, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई एवं संरक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि लगाए गए पौधों का संरक्षण अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पौधे की नियमित देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित कर उसकी जीवितता बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि पौधारोपण के वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

### किराया जमा नहीं करने पर दो दुकानों में ननि ने जड़ा ताला



**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा निगम स्वामित्व की संपत्तियों से राजस्व वसूली के लिए अभियान प्रारंभ कर दिया है। मंगलवार को बस स्टैंड परिसर स्थित निगम स्वामित्व की दो दुकानों दुकान क्रमांक 21 एवं दुकान क्रमांक 8 के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया बकाया होने पर निगम प्रशासन द्वारा तालाबंदी की कार्रवाई संपादित की गई। निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को बकाया किराया जमा करने हेतु पूर्व में कई बार सूचना दी गई थी। इसके बावजूद दुकान क्रमांक 28 के आवंटी द्वारा सितंबर 2025 से बकाया किराया राशि 15 हजार 996 रूपये तथा दुकान क्रमांक 8 के आवंटी द्वारा अप्रैल 2024 से 5 हजार 104 बकाया किराया राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किए जाने पर निगम प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही की गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक विनोद सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि कार्यवाही के उपरांत दुकान क्रमांक 28 के आवंटी द्वारा बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा किए जाने पर राजस्व वसूली अमले द्वारा नियमानुसार दुकान में लगाए गए ताले को खोलने की कार्यवाही की गई।

महापौर ने कहा सभी वार्डों में जन सुविधाओं के लिये प्राथमिकता से कराये जा रहे कार्य

# एक करोड़ के कार्यों की रखी गई आधारशिला सुविधाओं के विस्तार से बदलेगी वार्ड की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। जयप्रकाश वार्ड में लगभग 1.06 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, क्षेत्रीय पार्षद सुभाष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

स्वीकृत विकास कार्यों के अंतर्गत जयप्रकाश वार्ड में रामलीला मैदान क्षेत्र से जुड़े मार्गों का सी.सी. सड़क निर्माण, विभिन्न गलियों में सी.सी. नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य, क्षतिग्रस्त मार्गों का डामरीकरण, नाला सुधार कार्य तथा सुरक्षा एवं संरक्षण की दृष्टि से रिटेनिंग वॉल निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही जलभराव की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संरचनात्मक कार्य भी किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद वार्ड में आवागमन सुविधाएं बेहतर होंगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।

#### विकास की रोशनी से सशक्त होंगे शहर के वार्ड - महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से सभी वार्डों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। महापौर ने कहा कि नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे शहर के सभी वार्ड सशक्त बनें और लोगों को बेहतर सुविधाएं एवं जीवन स्तर प्राप्त हो सके।

#### नागरिकों को मिलेगा सीधा लाभ

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी (टंडन) ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार एवं नगर निगम के समन्वित प्रयासों से शहर में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश वार्ड में स्वीकृत ये निर्माण कार्य नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

#### विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे

क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू ने कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता देते हुए इन विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, डामरीकरण एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण जैसे कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और वार्ड के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी नागरिकों को सहयोग एवं विश्वास के लिए धन्यवाद भी दिया।

वार्डवासियों ने लंबे समय से अपेक्षित विकास कार्यों के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर, क्षेत्रीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



## निगम प्रशासन ने कबाड़ की दुकान को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित मुन्नू चौबे गली में सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण एवं मनमानी कर सार्वजनिक मार्ग को बाधित कर नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रही कबाड़ दुकान को निगम प्रशासन द्वारा सील करने की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि बरगवां निवासी कबाड़ व्यवसायी मुंडा कबाड़ी द्वारा लंबे समय से सार्वजनिक मार्ग एवं आसपास के क्षेत्र में अनधिकृत रूप से कबाड़ सामग्री का भंडारण कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। इससे नागरिकों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही थी तथा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं। साथ ही खुले में रखी कबाड़ सामग्री से दुर्घटना एवं सुरक्षा संबंधी खतरे भी बने हुए थे।

निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित व्यवसायी को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से चेतावनी देकर नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लगातार चेतावनियों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को पुनः किए गए निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निगम अमले ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को सील कर दिया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल अथवा मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करें।

*आम आदमी पार्टी ने की मांग, निष्पक्ष जांच कराने की गई मांग*

## परिवहन विभाग के अधिकारी को हटाने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर परिवहन विभाग के अधिकारी संतोष पाल को कटनी जिले से तत्काल हटाने तथा उनके विरुद्ध लंबित मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि संतोष पाल के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लंबे समय से चर्चा में हैं। विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई में करोड़ों रुपये की संपत्तियां उजागर हुई हैं तथा हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत लगभग 3.38 करोड़ मूल्य की संपत्तियां कुर्क किए जाने की कार्रवाई भी की गई है।

पार्टी द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में उनकी सत्यापित वैध आय लगभग 73.26 लाख पाई गई, जबकि लगभग 4.80 करोड़ की संपत्तियां एवं व्यय सामने आए, जिससे लगभग 4.06 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का मामला उजागर हुआ। इसके अतिरिक्त बैंक खातों में ऋण किस्तों के भुगतान से पूर्व बार-बार नकद राशि जमा किए जाने के तथ्य भी जांच में सामने आए हैं।

पार्टी ने कहा कि इतने गंभीर मामलों एवं जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बावजूद संबंधित अधिकारी का महत्वपूर्ण पद पर बने रहना जनता के बीच शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार विरोधी नीति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जिले के ट्रांसपोर्टरों, वाहन मालिकों एवं वाहन चालकों द्वारा भी समय-समय पर अवैध वसूली, उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें उठाई जाती रही हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आय से अधिक संपत्ति प्रकरण में प्रस्तुत खात्मा रिपोर्ट पर आपत्तियां दर्ज होने के बाद न्यायालय द्वारा उसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई का अभाव जनता के बीच संदेह की स्थिति उत्पन्न कर रहा है। पार्टी ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए श्री संतोष पाल को जांच पूर्ण होने तक तत्काल कटनी जिले से हटाया जाए तथा उनके विरुद्ध लंबित मामलों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## ट्रक में अचानक भड़क उठी आग, मची अफरा तफरी




कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत चाका स्थित एक बॉडी रिपेयर शॉप में खड़े डंपर में अचानक आग लग गई। आग की तेज लपटों के कारण आसपास हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही कुठला पुलिस को लगी, तत्काल थाना प्रभारी अखिलेश दहिया टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि कुठला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्यवाही नहीं की होती तो यहां बड़ी घटना भी हो सकती थी। कुठला थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि चाका भंटी पटेल बॉडी केबिन रिपेयर्स के यहां डंपर क्रमांक सीजी 04 पीसी 2687 रिपेयर होने आया था। आज 9 जून की सुबह लगभग 11 बजे मकाम करने के दौरान अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित करते हुए कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। ट्रक से उठती तेज लातों को किसी तरह बूझकर आग पर काबू पाया गया। यहां पर यह बात सबसे प्रमुख है की घटना की सूचना में मिलते ही वहां पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ट्रक की आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। समय रहते आग पर काबू पा लेने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

## जन सुनवाई में 190 आवेदकों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनीं 190 आवेदकों की समस्यायें

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई में अधिकारियों ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए 190 आवेदकों की समस्यायें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल एवं डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह उईके मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम परसवारा निवासी रमुआ पटेल ने आवेदन देकर बताया कि उनकी भूमि (खसरा संख्या 724) का वास्तविक रकबा 0.44 हेक्टेयर है, जिसे गलत तरीके से 0.14 हेक्टेयर दर्ज कर दिया गया है। आवेदक ने इस त्रुटि सुधार कर पुनः 0.44 हेक्टेयर किए जाने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम सिजहनी निवासी संदीप कुमार कोरी ने बताया कि तहसील कार्यालय में आवेदन देने के बावजूद उनके भूमि रिकॉर्ड में नाम सुधार नहीं हो पाया है। उन्होंने अपने दस्तावेजों के अनुरूप वास्तविक नाम दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम बिचपुरा की बुजुर्ग महिला प्यारी बाई कोल ने अपनी जमा कर्मचारी भविष्य निधि राशि का भुगतान न मिलने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि कुटेश्वर लाइम स्टोन माइंस से सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हें राशि नहीं मिली है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं ग्राम बड़ागांव के निवासी वृंदावन साहू ने आवेदन दिया कि उनके खेत से गुजरी बिजली लाइन के तार बहुत नीचे लटक रहे हैं, जिससे जान-माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने तार हटवाने या ऊँचा करने की मांग की है ताकि वे सुगमता से कृषि कार्य कर सकें।

*थाना एनकेजे पुलिस पर लगाये आरोप, हाईवे में कई घंटे लगा रहा जाम*

## थाना के अंदर नाबालिग की बेरहम पिटाई के भड़का आक्रोश, किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



थाना के अंदर एक नाबालिग के साथ कथित मारपीट करने से लोगों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चकाजाम प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि एनकेजे थाने में पावती लेने गए एक नाबालिग को पुलिस ने बेरहमी से पीटा गया। इस घटना के बाद जुहली मोड़ पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। करीब 3 घंटे तक चले इस हंगामे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया और मझगवां टोल नाके तक वाहनों की कतारें लग गईं। लोगों का आरोप है कि पीड़ित नाबालिग लड़का थाने में दी गई एक शिकायत की पावती मांगने गया था। इसी बात पर एनकेजे थाने के पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया और घंटों तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसके कपड़े उतरवाकर उसके साथ बेरहमी मारपीट की गई, जिससे वह अचेत हो गया। आक्रोशित ग्रामीण कथित तौर पर अचेत नाबालिग को बीच सड़क पर लिटाकर धरने पर बैठ गए और दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस और झूमाझपटी की स्थिति भी निर्मित हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से देखते ही देखते वाहनों के पहिए थम गए। जुहली मोड़ से लेकर मझगवां टोल प्लाजा तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे सैकड़ों यात्री और मालवाहक वाहन फंस गए। प्रदर्शन के दौरान माहौल बिगड़ता देख मौके पर तीन थानों की पुलिस समेत अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया।

जानकारी के अनुसार जुहला गांव में यादव और आदिवासी समाज के बीच पुरानी रंजिश को लेकर पिछले कई दिनों से तनाव चल रहा था। रविवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा और मारपीट हुई, जिसकी शिकायत करने दोनों पक्ष एनकेजे थाने पहुंचे थे। इसी प्रक्रिया के दौरान यादव पक्ष के नाबालिग लड़के के साथ पुलिस बर्बरता की खबर आई जिसके बाद पूरा गांव सड़क पर उतर आया।

डीएसपी (मुख्यालय) रत्नेश मिश्रा और कुठला थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया। डीएसपी रत्नेश मिश्रा ने कहा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाया जाएगा, सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## प्रकरणों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी की निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा प्रत्येक शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

#### समय सीमा में करें निराकरण

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सी.एम. हेल्पलाइन शासन की महत्वपूर्ण जनहितकारी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। ऐसे में शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करना आवश्यक है।उन्होंने 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों पर सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

#### अनावश्यक रूप से लंबित रखने एवं लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही

निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि बिना उचित कारण प्रकरणों को एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित करने अथवा अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों के निरंतर मॉनिटरिंग एवं प्रभावी फॉलोअप के निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने कहा कि नागरिक संतुष्टि ही प्रशासनिक कार्यों की सफलता का प्रमुख आधार है।

#### समन्वय से करें कार्यवाही

सुश्री परिहार ने लोक निर्माण, स्वास्थ्य, जलप्रदाय, राजस्व, भवन, स्थापना एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का संबंध एक से अधिक विभागों से है, उनमें विभागीय समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

## आदिवासी मोहल्ले में कराया बोर खनन पेयजल समस्या का हुआ स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्राम पंचायत मझगवां फाटक के आदिवासी मोहल्ले में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट से जूझ रहे लगभग 20 से 25 परिवारों को बड़ी राहत मिल गई है। वर्षों से पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने जनहित में त्वरित और प्रभावी पहल कर क्षेत्र में नए बोर खनन का कार्य पूर्ण कराया है। लगभग एक माह पूर्व क्षेत्र में पेयजल संकट की गंभीर स्थिति को देखते हुए श्री विश्वकर्मा ने अपने प्रतिनिधि को मझगवां फाटक भेजा था।



उन्होंने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की। उनकी समस्याओं को सुना तथा वास्तविक स्थिति का अवलोकन कर पूरी जानकारी उन तक पहुंचाई। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही श्री विश्वकर्मा ने इसे केवल एक शिकायत के रूप में नहीं लिया, बल्कि जनसेवा के अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया। उनके सतत प्रयासों और प्रभावी पहल के परिणामस्वरूप नए बोर की स्वीकृति प्राप्त हुई। स्थल निरीक्षण कराया गया तथा सफलतापूर्वक बोर खनन का कार्य पूर्ण हो गया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि श्री विश्वकर्मा ने इस समस्या को प्राथमिकता न दी होती तो उन्हें अभी भी पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता। उनके प्रयासों से अब दर्जनों परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है और दैनिक जीवन की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हैं और बिना किसी भेदभाव के जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। मझगवां फाटक के समस्त ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए श्री विश्वकर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### रामलाल चौधरी बने प्रदेश महामंत्री

**दमोह।** म.प्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुसार विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी डा. महेन्द्र सिह चौहान की सहमति से फुटकर एवं लघु व्यवसायिक सामाजिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अनुशंसा पर सतपारा पथरिया के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता रामलाल चौधरी को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह, प्रताप सिंह, लक्ष्मण सीग, बृजेन्द्र सीग, प्रदीप पटेल, रत्नेश सोनी, छत्र सिंह आदर्श, प्रदीप दीक्षित, पीर अली, श्रीधर सुमन सहित अनेको जिले के कांग्रेसजनों ने बधाई दी है।

### पन्ना-सतना मार्ग पर बड़ा हादसा टला, ट्राला को क्रॉस करते समय पलटी वैगनआर कार

**पन्ना।** पन्ना-सतना मार्ग पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। छापरटेक के पास पन्ना से सतना की ओर जा रही एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि उसमें सवार सभी यात्रियों की जान बच गई और उन्हें केवल मामूली चोटें आईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैगनआर कार पन्ना से सतना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पन्ना से कुछ दूरी पर स्थित छापरटेक के पास सामने से आ रहे एक बड़े वाहन ट्राला को क्रॉस करते समय चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ने के कारण कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए कार में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी घायलों को हल्की-फुल्की चोटें आने की जानकारी समय रहते राहत मिलने से एक बड़ा हादसा टल गया।

### जाम में फंसी जिंदगी- अमानगंज में 30 मिनट तक नहीं निकल सकी 108 एम्बुलेंस

**अमानगंज।** साप्ताहिक बाजार के दिन मंगलवार को गुनौर-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर अस्पताल के पास भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जाम इतना लंबा था कि एक 108 एम्बुलेंस लगभग आधे घंटे तक वाहनों के बीच फंसी रही, जिससे मरीज और परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार जाम की मुख्य वजह जेके सीमेंट के भारी-भरकम ट्रालों की आवाजाही रही। साप्ताहिक बाजार के कारण पहले से ही सड़क पर लोगों और वाहनों की भीड़ थी, वहीं भारी ट्रकों के गुजरने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनी जब आपातकालीन सेवा की 108 एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। करीब आधे घंटे तक एम्बुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका, जिससे लोगों में प्रशासन और यातायात व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार के दिन भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, ताकि आमजन और मरीजों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। लोगों ने प्रशासन से अस्पताल क्षेत्र और मुख्य बाजार मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### शिकवा शिकायतों के बाद भी संबंधित अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# नगर परिषद का कचरा उड़कर पहुंच रहा मिश्रित प्लांटेशन, आग लगने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर से लगे खकरिया-इमलीडोल मार्ग पर बने मिश्रित प्लांटेशन में इस समय गंदगी एवं कचरे का आलम बना हुआ है। करीब 7 वर्ष पहले बनाए गए मुख्य मार्ग पर बने मिश्रित प्लांटेशन में लगाए गए पौधों के आसपास गंदगी ही नजर आ रही है। इन पेड़ पौधों के पास कचरा एवं गंदगी नगर परिषद की मेहरबानी से पहुंच रही हैं, पर सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इस ओर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे आग की एक चिंगारी इस प्लांटेशन को बर्बाद कर सकती है। मिश्रित प्लांटेशन में गंदगी पहुंचने का प्रमुख कारण नगर परिषद है, इसमें सिर्फ प्लांटेशन से कुछ ही दूरी पर नगर परिषद का सारा कचरा फेंका जाता है। गर्मी एवं हवा के कारण यह कचरा उड़ कर प्लांटेशन में पहुंच रहा है।



#### कचरे से प्लांटेशन हो रहा नुकसान

गंदगी को नगर परिषद के फेंके जा रहे कचरे का कारण माना जा रहा है। नगर परिषद जहां अपना कचरा फेंकता है, उसी से लगा वन विभाग का मिश्रित प्लांटेशन है। गर्मी में चल रही हवाओं के कारण यह कचरा प्लांटेशन में पहुंच गया है। जिसके कारण प्लांटेशन में जहां देखो, वहां कचरा एव पनियां ही नजर आ रही है। जिसके कारण किसी दिन एक छोटी सी चिंगारी एक बहुत बड़ा रूप लेकर इस प्लांटेशन में लगे पौधों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। वन विभाग और नगर परिषद का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। कुल मिलाकर मिश्रित प्लांटेशन की देखेरेख में लापरवाही की जा रही है।

#### कई प्रजातियों के लगे हैं पौधे

यह प्लांटेशन वर्ष 2019-20 में बनाया गया है। यह प्लांटेशन मिश्रित प्लांटेशन के नाम से जाना जाता है। मुख्य मार्ग पर बनाए गए प्लांटेशन में कई प्रजाति के पेड़ लगे हैं, जो आकार में भी काफी बड़े हो गए है, लेकिन नगर परिषद से पहुंचे कचरे से यह प्लांटेशन बड़ी मात्रा में गंदगी फैल गई है। जबकि वन विभाग समय-समय पर पर्यावरण एवं पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ लेते हैं पर प्लांटेशन के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो अब मुसीबत का कारण बन रहा है।

#### पन्नियों से पेड़ों की ग्रोथ को खतरा

वन प्लांटेशन में नगर परिषद के ट्रेंचिंग ग्राउंड से उड़कर पहुंच रही पन्नियों से पेड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है जिससे पेड़ों को पर्याप्त धूप और पानी नहीं मिल पाता मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है जिसके कारण जड़ों का विकास रुक जाता है। जरुरी पोषक तत्वों की कमी से पेड़ पौधों की ग्रोथ रुक जाती है।

## श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**रनेह।** नल दमयंती की देवनगरी रनेह में आज से श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार के दरबार में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



कथा व्यास श्री दासानुगृह श्री रामानुज दास जी परमपूज्य श्री राकेश भाई जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से कथामृत का रसपान कराएंगे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज 9 जून से 15 जून तक चलेगा। कथा शाम 7 बजे से हरि इच्छा तक है। 16 जून को पूर्णाहुति विशाल भंडारे का आयोजन है। कथा के मुख्य यजमान ग्राम के धर्मप्रेमी बंधुओं के साथ गुरु राकेश भाई जी महाराज का शिष्य मंडल है। ग्राम एवं क्षेत्रवासियों, धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर धर्मलाभ अर्जित करें।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 08 जून को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी, सदस्य रश्मि वर्मा व किरण राठौर, माया पटेल व अंजना चौबे साथ ही किशोर न्याय बोर्ड से सदस्य मुकेश दुबे व प्रेक्षा पाठक के साथ- साथ जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति में सम्मिलित अधिकारी गण ने अपने अपने विचार रखें। बैठक के एजेंडा अनुसार बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, बाल विवाह जैसे कार्यक्रमों में कलेक्टर श्री यादव द्वारा विषय वार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन से सम्पूर्ण जानकारी ली। बैठक में पीपीटी के माध्यम से संरक्षण अधिकारी अखलेश कुमार चौबे द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। जिसे अगले त्रैमास में पूरा करने का लक्ष्य जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति ने रखा है।

## देवेंद्रनगर से सवर्ण समाज के संगठनात्मक अभियान का आगाज

**देवेंद्रनगर।**

सामाजिक समरसता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, समान अवसरों की उपलब्धता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के उद्देश्य से कार्यरत मध्यप्रदेश सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी संगठन ने देवेंद्रनगर में अपनी तहसील इकाई का गठन कर संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। रविवार को श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष इंजी. अजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद के जिला अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. सुरेंद्र कुमार खरे ने की। कार्यक्रम का आयोजन सतीश नायक एवं मुकेश खरे द्वारा किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. अजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी भी धर्म, जाति अथवा वर्ग का विरोध करना नहीं है, बल्कि संविधान और कानून के दायरे में रहकर सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संगठन पूर्णतः गैर-राजनीतिक है तथा सभी समाजों के सम्मान, सामाजिक सौहार्द और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना के लिए कार्य कर रहा है।

## भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**हटा।** नगर के थाना परिसर श्री कौशलेंद्र सरकार मंदिर में बाल रामायण मंडल की सामूहिक तत्वाधान में आयोजित संगीतमय शैली में श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की अनेक दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में ब्राह्मण पत्नियों पर भगवान की कृपा का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि सच्ची भक्ति और समर्पण से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। ब्रह्मा जी के मोह त्याग की कथा में भगवान की अनंत महिमा का वर्णन किया गया, जिससे ब्रह्मा जी का अहंकार दूर हुआ और उन्होंने प्रभु की शरण ग्रहण की। कथा के दौरान मधु मंगल की रोचक और भक्तिमय लीलाओं का वर्णन किया गया। वृंदावन के निधिवन में शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों के साथ किए गए महारास का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके साथ ही अत्याचारी कंस के वध की कथा, गोपी-उद्धव संवाद का आध्यात्मिक महत्व तथा भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के मंगलमय विवाह का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान की इन लीलाओं से भक्तों को प्रेम, भक्ति, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

## बिरसा मुंडा हम सभी के प्रेरणा स्रोत है- श्रीकांत सिंह पोरते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासी समाज का गौरव महान जननायक एवं स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस का कार्यक्रम राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह मंगल भवन तेंदूखेड़ा में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित वरिष्ठ जनों द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को अवगत कराया कि किस प्रकार बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए हैं उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलना है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन युवाओं को साहस ,संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करता है बिरसा मुंडा ने बाल्यकाल से ही देश की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष किया है उनका जीवन संघर्षों से भरा है बिरसा मुंडा हम सभी युवाओं के प्रेरणा स्रोत है आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर ने बताया कि बिरसा मुंडा ने बाल्यकाल से ही अंग्रेजों के खिलाफ बगावत छेड दी हम सभी को जल जंगल जमीन की आवाज को बुलंद करना चाहिए इस अवसर पर शंकर सिंह,भावसीग,इमरत सींग,भरत सिंह कुलस्ते, चन्द्रभान सिंह लोधी,यशवंत ठाकुर, रविन्द्र सिंह, रामनरेश पोर्ते,रमेश सिंह, मोनू मरावी, दीपक कुलस्ते, दिनेश पोर्ते, राहुल, संदीप, दशरथ करपेती,सज्जू,महेश जगेत, गिरधारी परस्ते, प्रमोद ठाकुर, वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेडिकल स्टोरों का किया सघन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार नगर एवं आसपास संचालित मेडिकल स्टोरों का ड्रग इंस्पेक्टर महिमा जैन द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सी.जी. गोस्वामी एवं तहसीलदार विवेक व्यास भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान दवा दुकानों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, दवाओं के भंडारण एवं औषधि विक्रय संबंधी नियमों के पालन की विस्तृत जांच की गई। ड्रग इंस्पेक्टर महिमा जैन ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया कि दवाओं का रखरखाव निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी दवाओं की उपलब्धता, उनके पृथक भंडारण एवं नियमानुसार निस्तारण की प्रक्रिया की भी जांच की गई। जिन दुकानों में रिकॉर्ड संधारण एवं भंडारण व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें आवश्यक दिशा-



निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि मेडिकल स्टोरों का संचालन अधिकृत एवं पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा किया जा रहा है अथवा नहीं। संबंधित फार्मासिस्ट की उपस्थिति, योग्यता प्रमाण-पत्र तथा लाइसेंस दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। साथ ही सभी मेडिकल स्टोरों के वैध लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि औषधि विक्रय से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा यह निरीक्षण अभियान उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा तथा औषधि विक्रय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर हुई सुनवाई

### नामांतरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण के मामलों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 293 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 15 आधार अपडेशन किये गये। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर आर.एल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



जनसुनवाई में उपस्थित

#### लुहारी निवासी महिला को मिला राहत समाधान

जनसुनवाई के दौरान ग्राम लुहारी निवासी निशागती साहू ने पति स्वर्गीय हीरालाल साहू के निधन के पश्चात फौती नामांतरण हेतु लोक सेवा केंद्र में आवेदन करने में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रकरण का तत्काल परीक्षण किया गया तथा जनसुनवाई के दौरान ही आवेदिका का आवेदन लोक सेवा केंद्र पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। इससे नामांतरण की आगे की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकी।

#### दिव्यांग बच्चों को तत्काल मिला मेडिकल प्रमाण पत्र

ग्राम सनकुईया के दो दिव्यांग बच्चों रोशनी एवं रामबाई के पास मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर दोनों दिव्यांग बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत मेडिकल बोर्ड द्वारा उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए।

**दिव्यांगजन को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश**

इसी प्रकार जनसुनवाई में पहुंचे एक अन्य दिव्यांगजन द्वारा बैसाखी एवं ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर हितग्राही को शीघ्र सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।



## भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर ग्राम झगरहा में कार्यक्रम संपन्न

**पन्ना।** देश भर में 9 जून आदिवासी क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी संज्ञान में अजयगढ़ के ग्राम झगरहा में आदिवासी महादेव सेना संगठन पन्ना के युवाओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उनके छाया चित्र पर श्रद्धा के पुष्प तथा मालाएं अर्पित कर तथा मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। युवा नेतृत्वकर्ता छोटे राजा आदिवासी एवं पहाड़ सिंह आदिवासी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी का आजादी के महासंग्राम में योगदान और किस प्रकार उन्होंने अपने पराक्रम एवं कौशल से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला कर रखी थी इस पर प्रकाश डाला।

## जिले में 12 से 18 जून तक आठ स्थानों पर होगा जन कल्याणकारी शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद मुख्यालयों में 12 से 18 जून तक आठ स्थानों पर जनकल्याणकारी शिविर एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। शिविरों में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा तथा लंबित आवेदनों का निराकरण भी किया जाएगा। इसी क्रम में शिविरो का आयोजन 12 जून को जनपद पंचायत एवं नगर परिषद तेंदूखेड़ा (बम्हौरी पांजी तेंदूखेड़ा),13 जून को जनपद पंचायत एवं नगर परिषद पथरिया, 15 जून को जनपद पंचायत बटियागढ़ एवं जनपद पंचायत जबेरा, 16 जून को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका हटा, जनपद पंचायत एवं नगर परिषद पटेरा, 18 जून को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका दमोह, नगर परिषद हिंडोरिया में किया जायेगा। 16 जून को सभी विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत चित्रकला, निबंध एवं रैलियों का आयोजन किया जायेगा। 18 जून को सभी हाई हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों में कक्षा 09वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को किसी पेड़, पक्षी, पशु आदि के नाम के आधार पर जैवविविधता में जीव के महत्व पर निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 19 जून को सभी हाई हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों में कक्षा स्तर पर मिमिक्री कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से विभिन्न पशु पक्षियों की आवाज पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जा कर श्रेष्ठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया जायेगा। 21 जून को शासन के गाईड लाईन के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन सहयोगी विभाग कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग द्वारा 19 जून ग्राम कुवरपुर जनपद पंचायत हटा, 20 जून ग्राम सिंहपुर जनपद पंचायत दमोह में किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन आयुष चिकित्सालय दमोह में प्रातः 7:00 बजे होगा। इसके साथ ही प्रत्येक जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों एवं आयुष चिकित्सालयों में भी सुबह 7:00 बजे सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## अधीक्षण अभिंयता ने वितरण केन्द्र हिण्डोरिया का किया औचक निरीक्षण



**हिंडोरिया।** निरीक्षण के दौरान श्री चौहान ने वितरण केन्द्र प्रभारी प्रदीप सिंह परिहार को विद्युत व्यवस्था सुधार को लेकर कई अहम निर्देश दिये गये अधीक्षण अभियंता द्वारा क्षेत्र मे विद्युत सप्लाई को सुदृण एवं निर्बाध बनाये रखने पर विशेष जोर दिया इसके साथ ही कि समाधान योजना का प्रभावी व समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण बढाने लंबित बकाया बसूली मे तेजी लाने तथा उपभोक्ताओ की शिकायतो का त्वरित समाधान करने पर भी बल दिया गया वही कार्यालय की साफ सफाई अभिलेखो के सुव्यवस्थित रख रखाव व कार्य प्रणाली मे सुधार को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं बारिश के पहले लाइन का मेंटेनेंस कराना और 24 घंटे घरेलू कनेक्शन में विघुत सप्लाई एवं सिंचाई पम्प फीडर में 10 घंटे विघुत सप्लाई प्रदान करना प्रत्येक मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर हेल्पलाइन की शिकायतों को चेक कर उपभोक्ताओं को संतुष्ट करना एवं निवारण करना हिण्डोरिया कनिष्ठ अभियंता प्रदीप परिहार को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप पारदर्शिता जिम्मेदारियो के साथ कार्य करते हुए उपभोक्ताओ को बेहतर विद्युत सेवाए उपलब्ध कराई जाए।

### पुलिया पर बहा पानी, कई गांवों का संपर्क टूटा, ग्रामीणों को हुई परेशानी

# तेज हवाओं के साथ कई जगह बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/तारादेही

तेंदूखेड़ा, तारादेही एवं समनापुर क्षेत्र में शुक्रवार को हुई लगभग एक घंटे की मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज वर्षा के चलते कई ग्रामीण मार्ग बाधित हो गए और लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। समनापुर से जामुन जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित भरभरा पुलिया पर करीब एक से डेढ़ फीट तक पानी बहने लगा, जिससे मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। पुलिया पर जलभराव होने से आसपास के लगभग पांच गांवों के ग्रामीण दोनों ओर फंस गए और घंटों तक आवागमन बाधित रहा।

ग्रामीण भगवान सिंह ने बताया कि जंगल क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण नालों और पुलिया में पानी का बहाव अचानक बढ़ गया, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लोगों ने पुलिया पार करने से परहेज किया।

वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र के सर्रा गांव में भी तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश की सूचना मिली है। ग्रामीण मानसिंह यादव के अनुसार क्षेत्र में पहले तेज आंधी चली, इसके बाद ओलावृष्टि हुई और फिर मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। मौसम के अचानक बदले मिजाज से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि भारी बारिश के कारण खेतों एवं कच्चे रास्तों को नुकसान पहुंचा हो सकता है। लगातार खराब मौसम के चलते क्षेत्र में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित मार्गों की निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक राहत उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न बने।

## कोडल तिगड्डा में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, 12 घंटे बाधित रहा मार्ग

**तेंदूखेड़ा-तारादेही** मुख्य मार्ग पर कोडल तिगड्डा के समीप सोमवार रात करीब 11 बजे तेज हवा के कारण एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। पेड़ गिरने के बाद लगभग 12 घंटे तक मार्ग बाधित रहा और दोनों ओर बसें, ट्रक सहित अन्य छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे रहे।मंगलवार सुबह तक पेड़ नहीं हटाए जाने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में फंसी बसों में ऐसे यात्री भी सवार थे जो उपचार के लिए दमोह एवं जबलपुर जा रहे थे, लेकिन मार्ग अवरुद्ध होने के कारण वे समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सके।सामाजिक कार्यकर्ता राहुल चौकसे ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को देने का प्रयास किया गया, लेकिन विभाग का कोई भी अधिकारी मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं मिला। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपात स्थिति में भी विभाग की सक्रियता दिखाई नहीं दी।मार्ग बंद होने से बढ़ती परेशानी को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा संभाला। सुबह करीब 8 बजे धन्नूसीग, मतिराम, चन्नू मरकाम सहित अन्य ग्रामीण कुल्हाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे और पेड़ को काटकर हटाने का कार्य शुरू किया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से सुबह लगभग 10:30 बजे मार्ग को आवागमन के लिए पुनः सुचारु कर दिया गया।राहुल चौकसे का कहना है कि सूचना दिए जाने के बावजूद न तो लोक निर्माण विभाग का कोई कर्मचारी और न ही अधिकारी मौके पर पहुंचा। यदि ग्रामीण स्वयं पहल नहीं करते तो मार्ग और अधिक



समय तक बाधित रह सकता था तथा यात्रियों की परेशानियां बढ़ जातीं।
हालांकि इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की एसडीओ मनीषा मोगनिया ने बताया कि विभाग द्वारा कर्मचारियों एवं मजदूरों को मौके पर भेजा गया था और उनके द्वारा पेड़ हटाने की कार्रवाई की गई।घटना के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में आमजन को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## कुएं से मोटर निकालते समय दर्दनाक हादसा, पिता-पुत्र की मौत



**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बांसाकला में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। कुएं से मोटर निकालने के दौरान रस्सी टूट जाने से दोनों कुएं में गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया,जानकारी के अनुसार ग्राम बांसाकला निवासी रामदयाल ठाकुर उम्र 55 एवं पुत्र संजय ठाकुर उम्र 35 खेत में स्थित कुएं से मोटर निकालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मोटर को ऊपर खींचने वाली रस्सी अचानक टूट गई रस्सी टूटते ही दोनों संतुलन खो बैठे और सीधे कुएं में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पथरिया थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची और ग्रामीणों की सहायता से दोनों को कुएं से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी,मृतक संजय ठाकुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे उनकी असामयिक मृत्यु से स्वास्थ्य विभाग सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई की गई एवं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया,प्रारंभिक जाँच में हादसे का कारण रस्सी का टूटना बताया जा रहा है पुलिस मामले की जाँच कर रही है। पोस्टमार्टम के उपरांत दोनों शवो को परिजनों को सौंपा गया एवं शाम 5 बजे उन्हीं के खेत में अंतिम संस्कार किया गया उक्त दर्दनाक घटना के बाद ग्राम सहित क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सांसद ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने दमोह विधानसभा क्षेत्र के दमयंती नगर एवं दीनदयाल नगर मंडल में प्रबुद्धजनों से संपर्क कर संवाद किया।

इस दौरान सांसद राहुल सिंह लोधी एवं भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों के निवास पर पहुंचकर उनका शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों पर चर्चा की।

संपर्क एवं सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षक एवं राज्यपाल तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बी.एल. रोहित, बाल साहित्य पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार डॉ. प्रेमलता नीलम, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शास्त्रीय संगीत कलाकार श्रीमती अरुणा उज्जैनकर, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ शिक्षक एवं कवि पं. श्यामसुंदर शुक्ल, वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सुदेश जैन, कथावाचक एवं समाजसेवी पं. चंद्रगोपाल पौराणिक, संगीत एवं कथा वाचन कलाकार पं. दयाराम पौराणिक, सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वनाथ सिंह पवार तथा वरिष्ठ बीड़ी व्यवसायी जसवंत सिंह राजपूत से भेंट कर संवाद किया गया। संवाद के दौरान प्रबुद्धजनों ने देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत किए गए प्रयासों की सराहना की। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है तथा सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री अरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, मनीष तिवारी, जिला मंत्री रानू नामदेव, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, राजेंद्र चौरसिया सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक मलैया ने किया समाजसेवी नागरिकों से संवाद



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दमोह विधायक जयंत मलैया ने नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित नागरिकों से भेंट की संवाद कर उनका सम्मान किया। इस अभियान के तहत विधायक जयंत मलैया नगर के शिक्षाविदों, खिलाड़ियों, चिकित्सकों, सिनेमैटोग्राफरों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों के निवास पर पहुंचे। उन्होंने सभी का पुष्प भेंट कर सम्मान किया एवं समाज के प्रति उनके सेवा भाव, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस दौरान विधायक जयंत मलैया ने रश्मि जेता, डॉ. सौरभ पालीवाल, डॉ. मोनिका पालीवाल एवं डॉ. राजीव पांडे से विशेष रूप से भेंट की और उनके द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पं. मनीष तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पं. पवन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, नगर महामंत्री मनीष, वेद दुबे एवं नगर महामंत्री मनीष सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने पथरिया में की जनसुनवाई



**पथरिया।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने मंगलवार को थाना पथरिया में जनसुनवाई शिविर आयोजित कर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर संवाद और विश्वास स्थापित करना रहा। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पथरिया अनुभाग के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। शिविर में एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामलों, कानून-व्यवस्था तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदन का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनकी शिकायतों पर की गई कार्रवाई एवं प्रगति की जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने को कहा। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कर आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और समन्वय को मजबूत करना दमोह पुलिस की प्राथमिकता है। प्रत्येक नागरिक की समस्या का संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ निराकरण किया जाएगा तथा पात्र मामलों में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या अथवा शिकायत की स्थिति में पुलिस से संपर्क करें तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# 35 पेटी अवैध शराब सहित कार जब्त

### 7 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इमलिया चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 पेटी शराब एवं एक एक्सयूवी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून 2026 को चौकी इमलिया, थाना तेजगढ़ पुलिस को मुखबिर से



सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सिल्वर रंग की कार में अवैध शराब लेकर चौरई की ओर से आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी तेजगढ़ के निर्देशन में पुलिस टीम ने मछली मार्केट के सामने एवं पानी की टंकी के पीछे स्थित मैदान के पास घेराबंदी कर एक्सयूवी कार क्रमांक HR 51BF 5995 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 33 पेटी लाल मसाला मंदिरा (1650 पाव) एवं 2 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद हुई। कुल 35 पेटी शराब की मात्रा 315 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 90 हजार 500 रुपये है। पुलिस ने वाहन चालक जालम सिंह लोधी (34 वर्ष), निवासी बेहेरा, थाना दमोह देहात को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 2 हजार रुपये नकद एवं एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान शराब से भरी एक्सयूवी कार भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब, वाहन, मोबाइल एवं नकदी सहित कुल 7 लाख 500 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी तेजगढ़ उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी इमलिया उपनिरीक्षक रामशंकर मिश्रा, प्रधान आरक्षक हीरालाल, भगवत प्रसाद पटेल, आरक्षक रोहित परिहार, अजय वर्मा एवं हरिसिंह की विशेष भूमिका रही।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पटेरा।** थाना पटेरा पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगने और पैसे नहीं देने पर मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) द्वारा गंभीर अपराधों के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना पटेरा में दर्ज अपराध क्रमांक 165/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में थाना पटेरा की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी बेडीलाल कुर्मी (पटेल) पिता पुतई पटेल, निवासी ग्राम कोटा, थाना पटेरा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक बल्देव प्रसाद अहिरवार, प्रधान आरक्षक रूपलाल रजक तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राकेश आठ्या एवं आरक्षक मयंक की सराहनीय भूमिका रही।

### कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने वृद्धाश्रम में मनाया बिटिया का जन्मदिन, बुजुर्गों का जीता दिल

# तीन वृद्धजनों को सौंपे पेंशन स्वीकृति आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अपने बिटिया का जन्मदिन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच मनाकर संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश की। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना और आत्मीयता से कहा, आप चिंता न करें, जिले का कलेक्टर ही आपका बेटा है। उनकी यह भावनात्मक बात सुनकर वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे और पूरे वृद्धाश्रम का वातावरण भावुक हो गया। बुजुर्गों ने कलेक्टर की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि माता-पिता और वृद्धजन देवताओं के समान होते हैं तथा वे समाज की सबसे बड़ी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, उन्होंने वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने तीन वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए। साथ ही उन्होंने कहा कि अब वृद्धजनों को पेंशन लेने के लिए बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रत्येक माह 1 से 15 तारीख के मध्य बैंक प्रतिनिधि स्वयं पहुंचकर पेंशन राशि उपलब्ध कराएंगे, जिससे बुजुर्गों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होने कहा पूर्व भ्रमण के दौरान कुछ वृद्धजनों ने अवगत कराया था कि आधार ई-केवाईसी पूर्ण न होने के कारण उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित आधार केंद्र प्रभारियों को मौके पर भेजकर हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इसी क्रम में आज तीन वृद्धजनों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा उनकी बंद पेंशन पुनः चालू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पेंशन राशि शीघ्र ही हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंच जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा समाज के युवाओं और आमजन का यह नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा एवं सम्मान करें। जिन माता-पिता ने बच्चों को पालन-पोषण कर बड़ा किया, उनकी सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद और खुशियों में ही समाज की सफलता और समृद्धि निहित है, उन्होने वृद्धजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें और भगवान का भजन करते रहें। प्रशासन उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहेगा। उन्होने कहा इसके अतिरिक्त एक नई वृद्ध महिला की 9 माह से बंद पेंशन को भी शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा माताओं और बुजुर्गों का आशीर्वाद अमूल्य है और प्रशासन आगे भी उनकी सेवा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# तलैया से मुरम उत्खनन का आरोप



**नरसिंहगढ़।** जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकर खिरिया में बड़े पैमाने पर मुरम उत्खनन किए जाने के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो दिनों से जेसीबी मशीन की मदद से तलैया क्षेत्र से मुरम निकाली जा रही है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से निजी प्लांट एवं निर्माण कार्य स्थलों तक पहुंचाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शंकर खिरिया की तलैया से सैकड़ों ट्रॉली मुरम निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों का दावा है कि निकाली गई मुरम का उपयोग निजी प्लांट के साथ-साथ क्षगरी क्षेत्र के पास चल रहे सड़क निर्माण कार्य में भी किया जा रहा है। मामले में जानकारी लेने के लिए सरपंच प्रतिनिधि से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, जिससे उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि पथरिया क्षेत्र में लगातार अवैध उत्खनन की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन खनिज विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि पिछले एक माह से अधिक समय से अवैध खनन संबंधी शिकायतें और समाचार लगातार सामने आ रहे हैं, इसके बावजूद कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि खनिज अधिकारियों से संपर्क करने पर अक्सर फोन का जवाब नहीं मिलता, जिससे शिकायतों के निराकरण में कठिनाई होती है। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध रेत परिवहन करते डम्पर जप्त

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 09 जून को समय शाम लगभग 6.45 बजे तहसील पटेरा अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण के दौरान हटा रोड पटेरा मे डम्पर नम्बर CG04 NT 5024 द्वारा रेत का ओव्हर लोड परिवहन पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना पटेरा मे खडा किया जाकर सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। उक्त प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर श्री यादव के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./स्टोर/निविदा/2026/365 — ***निविदा आमंत्रण सूचना*** — हटा, दिनांक 09/06/2026

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है, इस हेतु लमसम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_514137_1 09-06-2026 | 1 नग नाला क्लीनिंग मशीन क्रय (दिये गये स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 1- 15 दिवस 2- 4.00 लाख | 1- 2000.00 2- 4000.00 | 25-06-2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।(2) निविदाकार अपनी दरे एक मुस्त जी.सी.टी राशि सहित प्रस्तुत करें पृथक से जी.सी.टी. राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। देयक से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह